राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र को 'रोल ऑफ होलिस्टिक मेडिसिन इन प्रेजेंट टाइम' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर, 13 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को बुधवार को यहां राजभवन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. गोविन्द पारीक ने अपनी लिखी पुस्तक 'रोल ऑफ होलिस्टिक मेडिसिन इन प्रेजेंट टाइम' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की।

डॉ. पारीक ने बताया कि पारम्परिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की वर्तमान समय में उपयोगिता के आलोक में गहन शोध करके इस पुस्तक का लेखन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में चरक, सुश्रुत और अन्य भारतीय विद्वानों के संदर्भों से भारतीय चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी संस्कृति पर महती विमर्श के साथ ही आधुनिक संदर्भों में हमारे समृद्ध चिकित्सकीय ज्ञान की उपयोगिता पर महती निष्कर्ष दिए गए हैं। संस्कृति युवा संस्थान के अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने पुस्तक को पाठकों के लिए उपयोगी और संदर्भ से जुड़ी महत्वपूर्ण कृति बताया। राज्यपाल श्री मिश्र ने पुस्तक की सराहना की।

————